तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 23 फरवरी 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 भानुप्रतापपुर के विजयी सरपंचों को मिला...




12 देवी-देवताओं की पूजा से सरोना मेले का...



## खबर संक्षेप



### आश्रित गांव बरगांव से हरिषा सरपंच निर्वाचित

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम बरगांव से 40 साल में पहली बार बरगांव की हरिषा मंडावी सरपंच बनी। हरिषा 116 वोट से जीत दर्ज की गुलाल खेलते हुए विजय रैली निकाली, इस दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया। उन्होने कहा यह जीत मेरी नहीं, पूरी पंचायत की जनता की जीत है। गांव के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी और सब मिल जुलकर काम करेंगे। इस अवसर पर ग्राम समिति के कार्तिक राम, ग्राम पटेल सरोज मंडावी, नारायण सिंह, गोलू यादव, भोजा उईके और पंकज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष शामिल रहे।

### बीईओ ने दी शिक्षक की पत्नी को अनुग्रह राशि



**कांकेर।** प्राथमिक शाला पांडरवाही के प्रधान अध्यापक रूपेश सिंह शोरी का आकस्मिक निधन 20 फरवरी को हो जाने के कारण उसकी पत्नी नाथियानवागांव निवासी दिनेश्वरी शोरी को 50 हजार रूपएं की अनुग्रह राशि चेक के माध्यम से गृह ग्राम में जाकर दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी केजूराम सिंह, हेमंत कुमार साहसी, तिलक कुमार निषाद, हरिलाल साहू, टेश्वर सिंहा के द्वारा शोकाकुल परिवार को ढढास बंधाया गया।

### सिवनी का एक दिवसीय वार्षिक मेला 25 को




**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी का एक दिवसीय वार्षिक मेला 25 फरवरी दिन मंगलवार को रखा गया है। ग्राम पटेल रामूराम मंडावी, बिहारीलाल सिंहा, युवा संगठन के सदस्य फगुनुरम गवार, ईशा विश्वकर्मा, चुम्बन लाल सिंहा, रमेश मंडावी, जय सिंह महावीरं गन्नूराम टोप्पा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सिवनी वार्षिक मेला का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा आयोजन किया गया है वहीं रात्रि में सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम गोपी किशन चरोटा बालोद की प्रस्तुति की जाएगी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक हुई



**चारामा।** छत्तीसगढ़ पेंसनधारी कल्याण संघ की उप तहसील लखनपुरी में प्राथमिक शाला में बैठक आनंद सिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं लीलाराम सेन जिला सचिव की उपस्थिति में हुई। ग्राम पंचायत लखनपुरी से पेंशनधारी कल्याण संघ भवन बनाने पांच डिसमिल भूमि देने का प्रस्ताव दिया गया है। भवन निर्माण करने के लिए निर्माण समिति का गठन किया गया। वर्ष 2025-26 की सदस्यता शुल्क जमा करने की बात भी कही गई। अपने आस पास के सेवा निवृत होने वाले साथियो को संघ में जोड़ने के लिए कहा गया। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष एसपी सिंह, एचआर देवांगन, बृजलाल साहू, कैलाश ठाकुर, ईश्वर पटेल, केएल जैन, आरआर कुंजाम, गोविन्द नेताम, मालती नेताम, जोहान साहू व अन्य पेंशनधारी सदस्य उपस्थित रहे।

**चुनाव :** पंचायत चुनाव का अंतिम चरण आज, कल होगा टेबुलेशन

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : आज संवेदनशील अंतागढ़ व कोयलीबेड़ा में वोटिंग, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 4 जिला पंचायत सदस्य के लिए आज होगा चुनाव
- मतदान पौने सात बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा, उसके बाद शुरू होगी मतगणना

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले में तीसरे और अंतिम चरण का मतदान जिले की जनपद पंचायत अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में रविवार 23 फरवरी को सुबह पौने सात बजे से दोपहर 02 बजे तक मतदान होगा। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माने जाने वाले कोयलीबेड़ा और अंतागढ़ ब्लॉक में निवासरत 01 लाख 66 हजार 563 ग्रामीण मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे।

तीसरे चरण में निर्धारित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराने अंतागढ़ विकासखंड के लिए मतदान दलों को अंतागढ़ स्ट्रांग रूम से सामग्री वितरण उपरांत अपर कलेक्टर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर अंतागढ़ ब्लॉक के116 मतदान केंद्रो के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा विकासखंड के लिंक कार्यालय पखांजुर से कोयलीबेड़ा के 199 मतदान केंद्र के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। मतदान करवाने के लिए दोनो विकासखंड में 1260 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। जिले के 13 में से 04 जिला पंचायत सदस्य के लिए आज चुनाव होगा, यह जिला पंचायत क्षेत्र विकासखंड अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा के अंतर्गत की ग्राम पंचायते शामिल है। दोनो विकासखंड के जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के लिए भी आज चुनाव होगा।



### अंतिम चरण में 4 जिला पंचायत क्षेत्र में होंगे चुनाव




अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत के 04 क्षेत्र आते है। क्षेत्र क्रमांक 10 से 05 प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रामेश्वर मंडावी गाड़ी छाप से, कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी बद्रीनाथ गावड़े दो पत्ती, गुप्तेश उसेंडी उगता सूरज, मुकेश कुमार गावड़े छाता और कृष्ण कुमार देहारी पतंग छाप से किस्मत अजमा रहे है। क्षेत्र क्रमांक 11 में 03 प्रत्याशी है, जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी कामिनी उसेंडी पतंग छाप से, कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी हेमलता कड़ियाम उगता सूरज छाप और बसंती नेताम दो पत्ती छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 12 से 04 प्रत्याशी मैदान में है जिसमें भाजपा से अधिकृत सुनीता मंडल छाता छाप से, कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी मुकुल पाल उगता सूरज, अजय शील दो पत्ती और निरंजन हलदार पतंग छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 13 से 05 प्रत्याशी मैदान में है जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी दीपांकर राय दो पत्ती, दिवाकर बैरागी उगता सूरज, रतन राय पतंग, ऋषि कुमार पटेल छाता और विष्णु डे गाड़ी छाप से मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 13 से कांग्रेस ने किसी को भी अधिकृत नहीं किया है।

### अधिकृत प्रत्याशियों की जिताने पार्टियों के पदाधिकारी रहे तैनात

जिला पंचायत सदस्य के अधिकृत प्रत्याशियों की जिताने के लिए भाजपा से अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ही सक्रिय नजर आएं और उनकी गतिविधि देखने को मिली। इसके अलावा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के लिए स्थानीय चेहरे के अलावा अन्य कोई चेहरा सामने नजर नहीं आया। अंतागढ़ विधानसभा के चारों जिला पंचायत क्षेत्र को जिताने को लेकर भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी व बूथ लेबल के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गइ थी और उसका लाभ भाजपा को मिल सकता है।

### विकासखंड अंतागढ़ के 76025 मतदाता करेंगे मतदान

विकासखंड अंतागढ़ के अंतर्गत 56 ग्राम पंचायतों के लिए आज चुनाव होना है। विकासखंड अंतागढ़ में 48326 मतदाता है, जिसमें 23734 पुरूष और 24592 महिला मतदाता शामिल है। 56 पंचायत के 667 वार्ड पंच, 56 सरपंच और 13 जनपद सदस्यों का चुनाव होना है। इसके अलावा दो जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 और 11 के लिए मतदान होगा। इसके लिए विकासखंड अंतागढ़ में 116 मतदान केंद्र बनाए गए है।

### विकासखंड कोयलीबेड़ा के 118237 मतदाता करेंगे मतदान

विकासखंड कोयलीबेड़ा के अंतर्गत 103 ग्राम पंचायतों के लिए आज चुनाव होना है। विकासखंड कोयलीबेड़ा में 118237 मतदाता है, जिसमें 60294 पुरूष और 57943 महिला मतदाता शामिल है। 103 पंचायत के 1347 वार्ड पंच, 103 सरपंच और 25 जनपद सदस्यों का चुनाव होना है। इसके अलावा दो जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12 और 13 के लिए मतदान होगा। इसके लिए विकासखंड कोयलीबेड़ा में 199 मतदान केंद्र बनाए गए है।

## स्वास्थ्य केंद्र की भानबेड़ा का मानक मूल्यांकन टीम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भानबेड़ा में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन की टीम शनिवार 22 फरवरी को पहुंची और जानकारी लेने के उपरांत कार्यों की तारीफ भी की। मूल्यांकन टीम के डॉक्टर तौकीर नबी एवं निरला कुजूर ने स्वास्थ्य केंद्र भानबेड़ा की स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्थाओं, मरीज के लिए उपलब्ध सुविधाओं, रजिस्टर संधारण को बारीकी से देखा और निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण टीम ने द्वारा बाह्य रोगी, अतः रोगी, प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला, जनरल एडमिन सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों संचालन की स्थिति का निरीक्षण किया। 6 बिंदुओं के आधार पर ही यह राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन की टीम के द्वारा अपनी रिपोर्ट दी जाती है। स्वास्थ्य केंद्र में जो व्यवस्थाएं हैं, यह राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के आधार पर है। स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं का तारीफ भी किया। इसके आधार पर ही एनक्यूएएस प्रमाण पत्र दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र मिलने से स्वास्थ्य केंद्र को शासन के द्वारा राशि दी जाती है, ताकि इस राशि से और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं बढ़ाया जा सके। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की रख रखाव के लिए यह काम आती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भानबेड़ा की प्रभारी चिकित्सक डॉ. विजय कौशिक ने बताया राष्ट्रीय टीम पहुंचकर स्वास्थ्य का निरीक्षण किया है। सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य केंद्र को बेहतर करने का ▶▶| शेष पेज 10 पर

## टेंट हाउस में भीषण आग, सामान जलकर खाक, हुई लाखों की क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भीरावाही के खपरा पारा में बीती रात को टेंट हाउस में औचक आग लगने से टेंट मालिक को लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आग कैसे लगी, यह टेंट मालिक को भी समझ में नहीं आया।

जानकारी के अनुसार 21 और 22 फरवरी की दरमियानी रात को लगभग एक बजे अज्ञात कारणों से भीरावाही के खपरापारा में निषाद टेंट हाउस में आग लग गई। उसी समय भीरावही मार्ग से गुजर रहे ग्रामीण ने आग को देखकर टेंट मालिक को फोन करके आग लगने की जानकारी दिया। टेंट मालिक घर से निकला और सबसे पहले फायर बिग्रेड को आग लगने की जानकारी दिया। फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुँची और लगी आग को काबू में पाने का प्रयास किया। टेंट मालिक ने बताया कि जब तक फायर बिग्रेड आती, तब तक टेंट हाउस में रखा गद्दा, प्लास्टिक कुर्सी, स्टील कुर्सी, तकिया और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गया। टेंट मालिक ने बताया कि आग कैसे लगी, इसकी जानकारी भी हम लोगों को नहीं है, समय पर राहगीर ने घटना की जानकारी दिया, तब हम लोगों को पता चल सका। टेंट हाउस में ऐसे सामान थे, जो आग पकड़ने में मददगार हो रहे थे। आग ने टेंट हाउस में रखे पूरे सामान को खाक में मिला दिया। फायर बिग्रेड ने आग को काबू में पा लिया और आग काबू में नहीं आती तो आसपास अन्य घर भी प्रभावित हो सकते थे। समाचार लिखे जाने तक टेंट हाउस मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस थाना में नहीं दिया है।

फायर ब्रिगेड की टीम में आग बुझाने वाली टीम में नगर सेना के फायर वाहन चालक दिलीप कुरुप, फायरमेन सुखचंद कश्यप, फायर सैनिक विक्रम मंडावी और विरेन्द्र तारम शामिल रहे।



### मरकाटोला के सरपंच बने मिथलेश, विजय जुलूस में हुई आतिशबाजी

**धनेलीकन्हार।** विकासखण्ड कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत मरकाटोला के सरपंच पद के लिए 3 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया, जिसमें मिथलेश कावड़े ने 798 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। जीत का ऐलान होते ही उनके समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की। ग्राम में डीजे की धुन पर नवनिर्वाचित सरपंच, पंच व समर्थकों द्वारा विजय रैली निकाली गई। नव निर्वाचित सरपंच के साथ-साथ पंच परमिला खरगिया, लच्छतीन साहू, फागेश्वरी साहू, देवबती साहू, किरण दीपक, हेमलता कुलदीप, विनीता हिचामी, पुष्पा हिचामी , भारत हिचामी, रेखा हिचामी, प्रिंस पाण्डेय, सरजू नरेटी, संतोष सहित पंचों का ग्रामीणों द्वारा जगह स्वागत किया गया, वही नव निर्वाचित सदस्यों ने जगह-जगह मंदिरों में माथा टेका। नव निर्वाचित सरपंच ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं पूरे ग्रामवासी की जीत है। जनता ने जो विश्वास किया आज उसी का परिणाम है। गांव का विकास, जनता का विकास व गांव में जो भी समस्या होगा उसे गांव वालों के साथ मिलकर पूरा करेंगे।



## भाजपा ने नए बस स्टैंड में चलाया सफाई अभियान टैंकर मंगवाकर कराई धुलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की पहल

भाजपा ने नए बस स्टैंड में 22 फरवरी की सुबह 7 बजे सफाई अभियान चलाया। भाजपाईयों ने परिसर में सबसे पहले झाड़ू लगाया और उसके बाद टैंकर मंगवाकर परिसर की धुलाई भी करवाई। नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि हमने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने की ओर कदम बढ़ा दिया है और यहां सफाई अभियान लगातार चलता रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि सफाई अभियान हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभियान है, जिसके तहत हम सभी मिलकर जनता को जागरूक कर कांकेर शहर को एक साफ -सुथरा शहर बनायेंगे। एक सुन्दर शहर बनाने की शुरूवात 22 फरवरी से कर दिया गया है, यह अभियान अनवरत चलता रहेगा। नए बस स्टैंड में यात्री जहाँ पर बैठते है, उसकी धुलाई भी करवाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, राजीव लोचन सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक, महामंत्री गिरधर यादव, टेकेश्वर जैन, पार्षद हितेंद्र खटवानी, उत्तम यादव, टिकेन्द्र ठाकुर, विकास अंभोरे, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मावा मोदेल का जायजा लने पहुँचे सीईओ, छात्रों को कड़ी मेहनत करने दी सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मावा मोदोल भानुप्रतापपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की कराई जा रही तैयारी का जायजा 22 फरवरी को जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद छात्रों से मुलाकात कर सीजी पीएससी की तैयारी पर छात्रों से सवाल जवाब कर उनके प्रश्नों का समाधान किया। पीएससी में जिनका संभावित कॉटऑफ से ऊपर या आस पास नंबर आ रहा हैं, उन्हें मुख्य परीक्षा की तैयारी करने को कहा गया। अप्रैल से लगातार 6 माह तक मुख्य परीक्षा का कोर्स करवाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

**सीईओ की छात्रों को सलाह -** मावा मोदेल में चल रही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ हरेश मांडवी ने सभी कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कहा कि आप लोग पीएससी व यूपीएससी में सफल होना चाहते हो तो लगातार मेहनत करें, अगर आप इस दौरान असफल भी हो जाते हैं तो आपको दुगुना उत्साह से कठोर मेहनत करनी होगी। जब तक आप सफल नहीं हो जाते, तब तक मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सामान्य अध्ययन के लिए आपको आपस में प्रतियोगिता करनी चाहिए। मार्च तक सभी प्रतियोगी के पीएससी प्रीलिम्स ▶▶| शेष पेज 10 पर

11 जनपद सदस्यों में 7 कांग्रेस समर्थित जीतकर आए

# दुर्गूकोंदल जनपद में कांग्रेस का पलड़ा भारी फिर भी अध्यक्ष पद के लिए दांव-पेंच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- विधायक ने माहौल को देखते हुए विजयी कांग्रेस समर्थित सभी सातों जनपद सदस्यों को गुमनाम जगह पर भेजा




जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में 11 जनपद सदस्य का चुनाव हुआ, जिसमें 07 सदस्य कांग्रेस समर्थित, 03 भाजपा समर्थित और 01 सदस्य सर्व आदिवासी समाज से संबंद्ध है। विधायक सावित्री मंडावी ने कांग्रेस का पलड़ा भारी देखते हुए कांग्रेस से जुड़े सभी 07 जनपद सदस्यों को गुमनाम जगह के लिए रवाना कर दिया है। समीकरण जो दिख रहे है, उससे तय है कि दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की कुर्सी पर कांग्रेस समर्थित सदस्यों का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनना तय है। जानकारी के अनुसार दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत का अध्यक्ष पद इस बार एसटी मुक्त रखा गया है। कांग्रेस समर्थित 07 जनपद सदस्य जीतकर आएं है, जिसमें 02 पुरूष जिसमें एक एसटी व एक अनारक्षित वर्ग से है और 05 एसटी वर्ग की महिलाएं है। कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनाने के लिए बहुमत है, परंतु व्यवस्था न बिगड़े, उसके पहले कांग्रेस विधायक ने बड़ा कदम उठाते हुए उनको गुमनाम जगह भेज दिया है। कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों में जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 कलंगपुरी से सुलोचना सोमदेव कोरोटी, क्षेत्र क्रमांक 02 हाटकोंदल से आनंद तेता, क्षेत्र क्रमांक 06 सुरुंगदोह से निर्मला कोवाची, से क्षेत्र क्रमांक 08 दुर्गूकोदल से गोपीचंद बढ़ई, क्षेत्र क्रमांक 10 हामतवाही से सुशीला रसालू गावड़े, क्षेत्र क्रमांक 11 कोदापाखा से हेमलता उइके और अनारक्षित वर्ग कांग्रेस समर्थित है और यह सभी जनपद सदस्य विधायक सावित्री मंडावी के मार्गदर्शनर में गुमनाम जगह के लिए रवाना हो चुके है। कांग्रेस के जनपद सदस्य नहीं बिखरें, तभी तय है कि कांग्रेस का अध्यक्ष बनेगा। इसके अलावा सर्व आदिवासी समाज से जुड़े क्षेत्र क्रमांक 07 से कोंडे धनसाय हुर्रा जीतकर आएं है और भाजपा समर्थित तीन जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 लोहतर से विकास राजू नायक, क्षेत्र क्रमांक 04 बरहेली से पीलम नरेटी और क्षेत्र क्रमांक 09 कोड़ेकुर्सी से अमृता कोटिंगला है।

## केंवटीनटोला पीएमश्री स्कूली में सीएम का जन्मदिन मनाया गया



**धनेलीकन्हार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिन पीएम श्री प्राथमिक शाला केवंटीनटोला में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंग बिरंगे गुब्बारे लेकर मुख्यमंत्री जन्मदिन की बधाई दिया। बच्चों को चाकलेट, मिठाई, खीर व पुड़ी दिया गया। इस दौरान प्रधान पाठक उपेश्वर ठाकुर, संकुल समंवयक महेश्वर सिन्हा, योग शिक्षक राजेश्वरी ठाकुर, दानेश्वर साहू, उदय मरकाम, गीता नायक, रेणुका चुरेन्द्र, अशोक शर्मा व स्कूली बच्चे उपस्थित रहें।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रहा बेंगलुरू का एक परिवार हादसे का शिकार, दो की गई जान

## बेंगलुरू से प्रयागराज जा रही एक्सयूवी कार पुल से टकराकर गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 30 भैरव मंदिर के पास शनिवार की सुबह करीबन 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बैंगलुरु के दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वही तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक को मामूली चोट आई है। राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर होने के चलते तीनों को बेहतर उपचार हेतु रायपुर रिफर किया गया है।

जानकारी अनुसार बैंगलुरू के डोडाकनाल और वरतुर एरिया के 6 लोग चालक रवि तेजा पिता वेंकटेश्वर राव उम्र 39 वर्ष , संतोष रेड्डी और उसकी पत्नी सुषमा रेड्डी उम्र 38 और बेटा विशाल रेड्डी उम्र 10 वर्ष के साथ शोभा रेड्डी पति मुनि रेड्डी उम्र 39





### रायपुर रिफर किया गया

फरसगांव पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक एवं घायलों को स्थानीय के साथ निकालकर उन्हें तुरंत फरसगांव अस्पताल भेजा गया। सभी घायलों को फरसगांव अस्पताल में उपचार किया गया लेकिन उनकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को रायपुर रिफर किया गया। वहीं एम्बुलेंस नहीं होने के चलते घंटो इंतजार के बाद घायलों को रायपुर रेफर किया गया। दोनों मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु चीरघर में रखा गया, परिजनों के आने के बाद शवो को उनके सुपुर्द किया जाएगा। फरसगांव पुलिस इस हादसे को लेकर जांच विवेचना कर रही है।

वर्षीय , गीता पति राजा चंद्रशेखर उम्र 49वर्षीय यह सभी एक्सयूवी-500 कार क्रमांक एचआर 70 ई 4585 में सवार होकर बैंगलुरू से प्रयोगराज स्नान के लिए जाने निकले थे। रात करीब 2 बजे कोंडागांव पहुंचे। जहां सभी लोग कोंडागांव के भारत पेट्रोल पंप में आराम करने के बाद सुबह 5 बजे प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए निकले। इस दौरान सुबह करीब 6 बजे नेशनल हाइवे 30 फरसगांव और बोरगांव के बीच भैरव मंदिर के पास इनकी कार अनियंत्रित होकर पुल से टकराते हुए नीचे जा गिरी। हादसे में एक महिला गीता और एक पुरुष संतोष रेड्डी की मौके पर ही मौत हो गई। वही दो महिला सुषमा रेड्डी, शोभा रेड्डी और एक बालक विशाल रेड्डी गंभीर रूप से घायल हो गए और कार चालक को मामली चोट आई। बताया जा रहा है कि शायद चालक को झपकी आने से ही इस दुर्घटना घटी है।

## पेज 9 के शेष

### स्वास्थ्य केंद्र की...

प्रयास किया गया। इस मौके पर बीएमओ डॉ. अखिलेश ध्रुव, डॉ. जितेंद्र ठाकुर, बीपीएम प्रशांत मृसकोले, डॉ. राज मंडावी व अन्य उपस्थित रहें।

### भाजपा ने नए...

उगेश्वरी उइके, मीरा सलाम, चित्ररेखा जैन, शंकुतला जैन, मंजु सारथी, विरेन्द्र साहू,सलीम मेमन के अलावा पूर्व पार्षद विजय लक्ष्मी कौशिक, अजय पप्पू मोटवानी, शैलेन्द्र शोरी, योगेश साहू एवं भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ साथ नगरपालिका की टीम, स्वच्छता दीदी इस सफाई अभियान में सहयोगी बने।

### मावा मोदेल का...

के कोर्स पूर्ण करने होंगे, ताकि अप्रैल से मुख्य परीक्षाओं की तैयारी शुरू हो जाए। 6 माह में ही नोट्स तैयार हो जाए और फिर अगली परीक्षा की तैयारी कर सकें। इस प्रकार सभी विषयों के शिक्षकों को परीक्षा के समय सारणी में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कोचिंग के छात्रो के द्वारा पुस्तकालय की व्यवस्था की माँग करने पर जल्द ही पूर्ण करने के लिए छात्रों को आश्वस्त किया गया। मावा मोदेल के निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी एसएस कोमरे, जनपद सीईओ अशोक ठाकुर, एपीसी नवनीत पटेल, मावा मोदोल प्रभारी धर्मराज कोरेटी, हेमलाल बेलसरिया व कार्यालयीन स्टाप उपस्थित रहें।

# छत्रपति शिवाजी का इतिहास गौरवशाली सुसंगठित शासन उनकी पहचानः सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

जिला मराठा समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी व अन्य अतिथियों द्वारा सबसे पहले छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल के पास पहुंचकर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद रंगमंच के कार्यक्रम स्थल में पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि यह गौरव का पल है। भानुप्रतापपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा जहां लगी है, यहां से आने जाने वाले लोगों को प्रेरणा दे रही है। महाराज अपने अनुशासित, सुसंगठित होकर योग्य शासन चलाया, नवाचार किया। मराठी और संस्कृत भाषा पर जोर दिया। महाराज का पहचान बलिदानी, साहसी का प्रेरणा हम सबको मिलता रहेगा। यहा नगर पंचायत अध्यक्ष, सभी पार्षद मिलाकर विकास कार्य कराएगे। इसके पहले मेरे द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल में सौन्दयीकरण के लिए 5 लाख की घोषणा की हूं, वह जल्द पूरा होगा। आने वाले समय में जो भी मांगे हैं, उसे पूरा किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा इतिहास में शिवाजी की गौरवगाथा है। इसके साथ उन्होंने कहा कि शिवाजी के पुत्र संभाजी की भी इतिहास हमारे पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए।



अध्यक्षता कर रहे मराठा समाज के संभागीय अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा की देन स्व. मनोज मंडावी की घोषणा और वर्तमान विधायक सावित्री मंडावी की देन है। भविष्य मे पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में महराज जी प्रतिमा लगायी जाएगी ।आज इस दिशा मे जिलाध्यक्ष निशा कदम, नगर पंचायत के पुर्व अध्यक्ष रहे सुनील पाढ़ी, पार्षद मनीष योगी टेम्पा की लगातार मांग से यह संभव हुआ। जिले के कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर से मुलाकात में कहा कांकेर में भी छत्रपति शिवाजी महाराज की एक भव्य प्रतिमा लगाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सभी वर्गों का सहयोग लिया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी देशभक्ति का गाथा पर प्रकाश डाला। जीवनी स्वाभिमान से जीना सिखाती है। कई पुस्तकें लिखी गई है और भी पुस्तकें लिखा जा सकता है। वे महिलाओं का भी बहुत सम्मान करते थे। अन्याय से लड़ने की प्रेरणा देती है। समाज का जो भी आदेश होगा,उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा महाराज शौर्य पराक्रम की गाथा है। भारत में हिन्दू, स्वराज के लिए काम किया। कुशल रणनीतिकार थे। उन्होंने ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। मराठा समाज के जिलाध्यक्ष निशा कदम ने कहा कि छत्रपति शिवाजी जंयती 2011 से मानते आ रहे हैं। हमें सभी का सहयोग मिल रहा है। विधायक से प्रतिमा स्थल में सौन्दर्याकरण के साथ समाज के लिए एक भवन की भी मांग रखी। कार्यक्रम को पूर्व पार्षद मनीष योगी टेम्पा ने भी संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश राव शिंदे ने किया। इस मौके पर नरसिंह कदम, वासुदेव सगने, रिम्पी ढींडसा, गोपाल राठी, ललित जाचक, अमित जाचक, नरेंद्र साबले, शंकर कदम, किशोर राव, ज्योति मगद, राहुल शिंदे, आशा शिंदे, आरती शिंदे, नूतन वाहिले, प्रमिला, शोमा, झरना, नौरीति कदम आदि उपस्थित थे।

# केशकाल और बड़ेराजपुर में मतदान आज, दल रवाना

**कोण्डागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन–2025 के अंतिम और तृतीय चरण में जिले के जनपद पंचायत केशकाल और बड़ेराजपुर में 23 फरवरी रविवार को मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को आज रवाना किया गया। जनपद पंचायत मुख्यालयों में मतदान सामग्री वितरण के बाद मतदान दलों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एसडीएम केशकाल अंकित चौहान भी मौजूद रहे। जनपद पंचायत केशकाल में कुल 127 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 62,749 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यहां 65 सरपंच, 330 पंच, 17 जनपद सदस्य और 2 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होगा। 4 सरपंच और 474 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। 1 वार्ड से कोई नामांकन नहीं मिला। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में 147 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 65,894 मतदाता मतदान करेंगे। यहां 43 सरपंच, 379 पंच, 17 जनपद सदस्य और 2 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होगा। 1 सरपंच और 258 पंच निर्विरोध चुने गए।



## जिला पंचायत, जनपद सरपंच व पंच चुनाव के लिए मतदान आज

**धनोरा/केशकाल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 23 फरवरी को होगा। केसकाल व विश्रामपुरी ब्लॉक में आज जिला पंचायत, जनपद, सरपंच व पंच पद के लिए आज वोटिंग होगी। केसकाल ब्लॉक अंतर्गत धनोरा में सरपंच बनने के लिए कई उम्मीदवार चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इसी प्रकार जिला वा जनपद सदस्य से लेकर सरपंच वा पंच बनने के लिए कई प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। धनोरा को जिला पंचायत क्षेत्र पूर्व में केसकाल के नाम से एक हुआ करते थे। अब एक पूर्व क्षेत्र 02 हुआ है, जिसमें केसकाल वा धनोरा बहिगांव के नाम से संचालित है। चुनाव आयोग के निर्देशन के जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कोंडागांव के निर्देश के तहत सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम केसकाल, हसीलदार धनोरा विश्रामपुरी को बनाया गया है। सेक्टर अधिकारियो के दल द्वारा पल पल की जानकारी एसडीएम वा तहसीलदार को देकर जिला निर्वाचन अधिकारी कोंडागांव को देते रहेंगे।चुनाव की निरीक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी दल भी लगातार निरीक्षण में शामिल होगा।



## खबर संक्षेप

### विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने बनाए मॉडल



**जगदलपुर।** विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग न्यू दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद् रायपुर के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बलिराम बघेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन सेजस करीतगाव विकासखंड बकावंड में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा 60 मॉडल बनाए गए। साथ ही विज्ञान फिल्म हमारा ब्रह्मांड प्रदर्शन किया गया। मॉडल प्रदर्शन का अवलोकन 300 बच्चों ने किया। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षक राहुल, लोकेश, वाणी, सुनीता एवं विज्ञान प्रभारी एसआर अली उपस्थिति रहे।

### बच्चे अखबार पढ़कर जान रहे देश दुनिया का हाल



**भोंड।** विकासखण्ड बस्तर के प्राथमिक शाला मांझीगुड़ा में हर दिन शिक्षक नारायण साहू अखबार लेकर जाते है। उन्हें शाला के बालक-बालिका को देकर पढ़ने के लिए कहते हैं। बच्चों में सामान्य ज्ञान बढ़ाना उनका मकशद है। अखबार पढ़कर बच्चे देश दुनिया का हाल-चाल जान रहे हैं। आज तारावती, तनुजा, भगवती और मिनाक्षी ने समाचार पत्र पढ़कर बाकी बच्चों को सुनाया। सभी ने अखबार पढ़ने से बहुत सारी नई-नई जानकारी मिलने की बात कही।

जांच में नहीं पाई गई कोई शिकायत, प्रिंट रेट में ही बेचा जा रहा शराब

# ओवर रेटिंग की शिकायत पर टीम ने की शराब दुकानों की गोपनीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के शराब दुकानों में ओवर रेटिंग की मिल रही शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने जिले के शराब दुकानों की गोपनीय जांच की। जांच में सभी दुकानों में निर्धारित व प्रिंट रेट में ही शराब बेचे जाना पाया गया। इसके अलावा सीसीटीवी फूटेज में भी शासन द्वारा निर्धारित मात्रा में ही विक्रय करना पाया गया। जांच उपरांत टीम ने कलेक्टर को जांच रिपोर्ट सौंप दी है।

जानकारी के मुताबिक शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बेचे जाने की शिकायत लगातार मिल रही थी। शिकायत को देखते हुए कलेक्टर हरीश एस ने शिकायतों की जांच के लिए अपर कलेक्टर सीपी बघेल के नेतृत्व में जांच के लिए टीम बनाई थी। टीम द्वारा गोपनीय तरीके से जिले के शराब दुकानों में ग्राहकों को भेजकर शराब क्रय किया गया लेकिन सभी दुकानों मं निर्धारित व प्रिंट रेट में ही शराब बेचा जा रहा था।



**विक्रय करना नहीं पाया गया**

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों की गोपनीय तरीके से टेस्ट पर्चेस किया गया। जांच में निर्धारित रेट व निर्धारित मात्रा में शराब बेचना पाया गया। जांच में किसी तरह की अनियमितता नहीं पाई गई।
**सीपी बघेल,** अपर कलेक्टर

शिकायतों की जांच के लिए गठित समिति द्वारा जिले के समस्त मदिरा दुकानों में जाकर टेस्ट पर्चेस की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में किसी भी मदिरा दुकान में निर्धारित दर से अधिक दर पर मदिरा विक्रय की पुष्टि नहीं हुई मदिरा खरीदने गए हुए ग्राहकों से अधिक दर लिए जाने के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राहकों द्वारा निर्धारित प्रिंट रेट पर ही मदिरा खरीदा जाना बताया गया। टीम द्वारा दुकानों में जाकर अनियमितता के संबंध में जांच की गई जांच में सभी मदिरा दुकानो में विक्रय दर प्रदर्शित होना पाया गया। वहीं सभी दुकानों में टोल फ्री नंबर 14405 प्रदर्शित होना भी पाया गया। दुकान के समस्त कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में पाए गए। टीम द्वारा संग्रहित मदिरा स्कन्ध में से रैण्डम आधार पर बोतलों की जांच की गई जिसमें सभी बोतलों में सुरक्षा होलोग्राम स्टीकर, वैच नंबर तथा एमआरपी प्रदर्शित होना पाया तथा किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा नही पायी गयी और न ही किसी भी प्रकार की मिलावट के सबूत नही मिलें। मदिरा दुकानों में सीसीटीवी फुटेज जांच करने पर विक्रेताओ द्वारा शासन से निर्धारित मात्रा में मदिरा विक्रय कर विक्रय की गई मदिरा का बिल दिया जाना पाया गया।

## एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत.....





जगदलपुर। स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों का स्वागत सांसद महेश कश्यप, विधायक किरणदेव, विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि के साथ-साथ कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस., एसपी शलभ कुमार सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

# विद्युत कंपनी में आरक्षित वर्ग के कर्मियों के साथ पदोन्नति में हो रहा भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष बीरबल उइके ने विद्युत कंपनी में आरक्षित वर्ग के कर्मियों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। बिजली कंपनी में आरक्षित वर्ग के कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए उन्हें विद्युत प्रबंधन द्वारा पदोन्नति नहीं दी जा रही है। प्रबंधन द्वारा वर्ष 2020 से बगैर रोस्टर एवं आरक्षण नियमों के ही सभी संवर्ग के पदोन्नतियों को अनारक्षित वर्ग से ही भरा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा स्वयं की पदोन्नति प्रक्रिया बनाकर केवल सामान्य वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ही पदोन्नति दी जा रही है। इसके साथ ही आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों की जायज मांगों को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनी के इस भेदभावपूर्ण रवैए के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के प्रत्येक कार्यालय स्तर पर संवैधानिक जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

# पति की स्मृति में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

समाज में सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला परचनपाल में स्व. नारायण चावड़ा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी गौरी चावड़ा और उनके पुत्र दीपक चावड़ा ने जरूरतमंद बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया। इस प्रेरणादायक आयोजन में संस्था प्रभारी प्रिया ठाकुर और जयश्री जेठवा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। भोजन में बच्चों के लिए पूड़ी, मिक्स सब्जी, सलाद और जलेबी परोसी गई। बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का भरपूर आनंद लिया और आयोजकों को धन्यवाद दिया।





**सामाजिक सेवा का संदेश**

गौरी चावड़ा और उनके पुत्र दीपक चावड़ा ने इस अवसर पर कहा हम चाहते हैं कि हमारे परिवार की सेवा भावना आगे बढ़ती रहे। मेरे स्व. पति समाजसेवा से जुड़े थे और हम उनके इसी संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। जरूरतमंदों की सेवा से आत्मिक शांति मिलती है और यही हमारे लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

**समाज में मिली सराहना**

विद्यालय प्रशासन, स्थानीय ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने इस नेक पहल की सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। इस तरह के मानवीय प्रयास यह दर्शाते हैं कि यादें सिर्फ दिलों में नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा और समर्पण से भी जीवित रखी जा सकती हैं।

# महापौर संजय पाण्डे ने मुख्यमंत्री विष्णदेव एवं वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नवनिर्वाचित महापौर को वरिष्ठजनों ने क्षेत्र के विकास को पहली प्राथमिकता देने किया मार्गदर्शन

नवनिर्वाचित महापौर संजय पाण्डे ने रायपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही निकाय चुनाव में जीत के बाद उनसे आशीर्वाद लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य और जनता के प्रति आपका समर्पण और सेवाभाव हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में महापौर पाण्डे ने पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान दोनों वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उन्हें जीत की बधाई देकर क्षेत्र के विकास को पहली प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, पूर्व संगठन महामंत्री राम प्रताप सिंह, विधायक धरमलाल कौशिक, पुरन्दर मिश्रा, चंद्रशेखर वर्मा सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।





# टीएस बाबा दिवगंत कांग्रेसी चक्रधर बिसाई के निवास पहुंच परिजनों का बंधाया ढाढस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विजय वार्ड पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री का पार्षद ने किया स्वागत

बस्तर राजपरिवार के सदस्य कमल चंद्र भंजदेव की शादी समारोह में शामिल होने जगदलपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शुक्रवार दोपहर विजय वार्ड पहुंचे। वार्ड पार्षद गौतम पानीग्राही ने फुलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने पार्षद गौतम पानीग्राही को विजय वार्ड में कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। सिंहदेव ने कहा कि पार्षद चुनाव सबसे जटिल चुनाव होता है क्योंकि आपकी अच्छाई- बुराई सभी लोग जानते हैं और यह पद ऐसा है जिसका सीधा घर से जुड़ाव रहता है। वार्डवासियों की भावनाओं का कद्र करना आपकी भी जिम्मेदारी है। कुछ नेताओं ने पार्षद गौतम पानीग्राही की तारीफ करते हुए कहा कि यह जीवट व्यक्ति हैं तथा वर्षों से कांग्रेस पार्टी के लिए काम करते हैं। पार्षद गौतम के साथ उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव स्व. पूर्व एल्डरमैन चक्रधर बिसाई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे और परिवार को संबल प्रदान किया। इस दौरान पूर्व महापौर जतीन जयसवाल, एनएसयुआई शहर अध्यक्ष विशाल खंबारी, कांग्रेसी ईश्वर बघेल, दुर्योधन कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।



## निधन

### प्रदीप चक्रवर्ती

**जगदलपुर।** जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त वाहन चालक प्रदीप कुमार चक्रवर्ती (66) का शुक्रवार की सुबह 3 से 4 बजे के बीच निवास में आकस्मिक निधन हो गया। महारानी वार्ड स्थित निवास से दोपहर में अंतिम यात्रा निकली जिसमें बंगाली समाज के लोगों समेत शहरवासी शामिल थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो बेटी समेत नाती, पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट में जाना रेशम पालन का नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के क्वार्टर टू एक्टिविटी के तहत शुक्रवार को रूरल टेक्नालॉजी एवं प्राणी शास्त्र अध्ययनशाला द्वारा एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इसमें बॉटनी, जूलॉजी, रूरल टेक्नालॉजी, माईक्रो बॉयोलॉजी, सोशल वर्क, एमबीए एवं अन्य शालाओं के करीब 60 विद्यार्थियों व फैकल्टी ने रीजनल सेरिकल्चर रिसर्च स्टेशन, सेंट्रल सिल्क बोर्ड, जगदलपुर का विजिट किया। इस दौरान सीनियर टेक्नीशियन डॉ. सुनील परीक्षा ने रेशम पालन से संबंधित मिट्टी का परीक्षण, उचित प्लांटेशन एवं देख-रेख, सिल्क कीट के विभिन्न अवस्था, बस्तर में पाए जाने वाली कोकुन, स्टीमिंग, रीलिंग एवं मार्केटिंग इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वहां के म्यूजियम और प्रैक्टिकल इक्यूपमेंट का भी अवलोकन किया। विजिट में डॉ. तुलिका शर्मा, डॉ रश्मि देवांगन, डॉ सुषमा सिंह, डॉ सोहनलाल, डॉ राजकुमार, डॉ दुर्गेश डिक्सेना, यामिनी, कीर्ति मेहरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 24 कुण्डीय महायज्ञ में शामिल हुए विधायक चैतराम...





**गीदम।** ग्राम पंचायत पाहुरनार में गायत्री परिवार द्वारा 24 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। विधायक चैतराम अटामी पाहूरनार पहुंचे व महायज्ञ में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री व ग्राम पंचायत कासोली- 1 के नव निर्वाचित सरपंच शैलेश अटामी उपस्थित रहे। विधायक ने महायज्ञ में शामिल होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान विभिन्न समाज प्रमुखों की अटामी से आत्मीय मुलाकात भी हुई जिसमे क्षेत्र व समाज हित के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# पूर्व विधायक लच्छूराम की पत्नी और पुत्र ने जीता चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दूसरी चरण के 20 फरवरी को हुए पंचायत में पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप को दोहरी सफलता मिली है। अपने गृह क्षेत्र में उन्होंने पत्नी पदमा कश्यप को जनपद सदस्य और पुत्र चंद्रभान कश्यप को जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ाया था जिसमें दोनों चुनाव जीत गए हैं। इस चुनाव में दोनों ने अपने-अपने सीट बदल लिए। पिछले चुनाव में पदमा कश्यप जिला पंचायत सदस्य थी और चंद्रभान कश्यप जनपद सदस्य रहे। चंद्रभान को 2600 से अधिक वोट से जीत मिली। वहीं पदमा कश्यप लगभग 200 वोट से जीतकर जनपद सदस्य चुनी गई। चंद्रभान ने कांग्रेस नेता तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष महेश कश्यप को हराया। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 में कुल मतदाता 29520 हैं। चंद्रभावन को 8800 वोट प्राप्त हुआ। वहीं पदमा कश्यप को 2007, सुशीला को 1807 और प्रमिला को 812 वोट मिले।



**डॉ. बसंत बने जनपद सदस्य**

लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के जनपद सदस्य के चुनाव में डॉ. बसंत कश्यप ने पूर्व जनपद सदस्य कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जयंती यादव को हराया। कुल 2749 मत में 196 निरस्त हुए जिसमें डॉ. बसंत कश्यप को 1159, घनश्याम सिंह ठाकुर को 118, जयंती यादव को 631 तथा मनीराम कश्यप को 645 वोट मिला। जीत के बाद विजय जुलूस निकाला गया।

# सड़कों के गड्ढों को पाटने में जुटा लोनिवि

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा रोड में जगह-जगह गडढे होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों के मांग पर लोक निर्माण विभाग धरमपुरा रोड स्थित साईं मंदिर के सामने सड़क के गडढों को पाटा, जिससे नागरिकों को राहत मिली।



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वाहन चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत नंदनमारा पेट्रोल पंप के पास 6 फरवरी को हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 7584 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतक को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उसको गंभीर चोट आई व मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### जहर खाने से ग्रामीण की अस्पातल में मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में ईलाज के दौरान 20 फरवरी को सुबह पौने 11 बजे सारण्डा निवासी 50 वर्षीय चैतराम भास्कर का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### महीनेभर से गायब युवती का पता नहीं



**जगदलपुर।** शहर के विजय वार्ड निवासी 19 वर्षीय युवती पिछले 28 जनवरी से गायब है। थाना में रिपोर्ट लिखाई गई है बावजूद महीने भर से उसका अतापता नहीं है। इस प्रकरण को लेकर आज बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने परिजनों के साथ सीएसपी से मुलाकात कर शीघ्र ढूंढने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि इस विषय में आईजी व एसपी से गायब युवती को लेकर चर्चा की गई है। जारी बयान में कहा कि गायब युवती को शीघ्र नहीं ढूंढा गया तो मुक्तिमोर्चा धरना प्रदर्शन करेगी।

### उसूर ब्लॉक में खिला कमल निकला विजय जूलूस



**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील उसूर ब्लॉक में इस साल पंचायत चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। पार्टी के समर्थित 25 सरपंच, 6 जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य शंकरैया मड़वी एवं जानकी कोरसा ने जीत हासिल की है। परिणाम आने के बाद शुक्रवार को विजय जुलूस निकालकर भाजपाईयों ने खुशी मनाई। इस मौके पर जी वेंकट और श्रीनिवास रेड्डी विजयी प्रत्याशियों के बीच पहुंचे और शुभकामनाएं देते उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब जनता तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने बताया कि अंदरूनी क्षेत्र में भी जनता का भाजपा को जो समर्थन मिला है उसका कारण सबका साथ सबका विकास है।

राजनीति : 52 ग्राम पंचायतों में सरपंच की कुर्सी सम्भालने की तैयारी

# भानुप्रतापपुर के विजयी सरपंचों को मिला प्रमाण पत्र, पंचायत सम्भालने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत 52 ग्राम पंचायत है, जिसकी सत्ता संभालने वाले सरपंचों को रिटर्निंग अधिकारी ने 22 फरवरी को प्रमाण पत्र सौंपा गया। तीसरे चरण के चुनाव के बाद सम्मिलन की तिथि तय होगी, उसी दिन उपसरपंच का चुनाव होगा और सम्मिलन होगा, उसी दिन से सरपंचों का कार्याकाल शुरू हो जाएगा।




विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कच्चे से सरपंच कांति हिड़को, ग्राम पंचायत कनेचुर से संतोषी बाई कुमेटी, ग्राम पंचायत कन्हारगांव से विमला गोटा, ग्राम पंचायत कराठी से चैतीबाई रावटे, ग्राम पंचायत करमोती से शैलेष ठाकुर (गोलू), ग्राम पंचायत केंवटी से प्रेम सिंह सलाम, ग्राम पंचायत कोरर के केबी ठाकुर, ग्राम पंचायत कुड़ाल से बिनेश कुमार गोटी, ग्राम पंचायत कुल्हाड़कट्टा से चमनलाल सलाम, ग्राम पंचायत कुर्री से प्रदीप कोरेटी, ग्राम पंचायत मुल्ला से तुमन मण्डावी, ग्राम पंचायत मुंगवाल से जैसारो कोर्राम, ग्राम पंचायत नारायणपुर से भेनू दुग्गा, ग्राम पंचायत परवी से राजेन्द्र कुमार ध्रुव, ग्राम पंचायत पेवारी से डालन सिंह राना, ग्राम पंचायत साल्हे से संतोष पद्दा, ग्राम पंचायत संबलपुर से अनिता रावटे, ग्राम पंचायत सेलेगांव से संगीता भुआर्य, ग्राम पंचायत सोनेकन्हार से सोनुराम दर्रो, ग्राम पंचायत तंरादुल से संगीता गोटा, ग्राम पंचायत टेढ़ईकोन्दल से अन्नूराम नरेटी, ग्राम पंचायत तुएगुहान से राधाबाई दर्रो, ग्राम पंचायत आसुलखार से रीना पोटाई, ग्राम पंचायत बैजनपुरी से सतीश कोरेटी, ग्राम पंचायत बांसला से जमुना तिरसुनिया, ग्राम पंचायत बारवी से बीरेन्द्र कुमार मंडावी, ग्राम पंचायत भैंसाकन्हार (डू) से परनिया भुरकुरिया, ग्राम पंचायत भैंसाकन्हार (क) से रमल सिंह कोर्राम, ग्राम पंचायत भानबेड़ा से ममता ठाकुर, ग्राम पंचायत भेजा से गीतूराम दर्रो, ग्राम पंचायत चिचगांव से शशि कुमार उयके, ग्राम पंचायत चिल्हाटी से कुंवर सिंह नेताम, ग्राम पंचायत बोगर से दुलेश्वरी गौर, ग्राम पंचायत चौगेल से विमला संजु नेताम, ग्राम पंचायत फरसकोट से जमुना सलाम, ग्राम पंचायत चवेला से जगजीत नागेश, ग्राम पंचायत दाबकट्टा से सीमा कोरेटी, ग्राम पंचायत धनेली से पवित्रा कोला, ग्राम पंचायत घोठा से विद्यावती कावड़े, ग्राम पंचायत घोटिया से चंद्रप्रभा नरेंद्र उयके, ग्राम पंचायत हरनपुरी से मनीष कुमार तारम, ग्राम पंचायत हाटकर्रा से सुनीता देहारी, ग्राम पंचायत ईरागांव से नमिता नेताम, ग्राम पंचायत जातावाड़ा से सियाराम उयके, ग्राम पंचायत बांसकुण्ड से सगनूराम उयके, ग्राम पंचायत हेटारकसा से जीवन लाल पोटाई, ग्राम पंचायत डोगरकट्टा से नरेन्द्र नेताम, ग्राम पंचायत भोड़िया से मधु तेता, ग्राम पंचायत भीरागांव से बेबी गावड़े, ग्राम पंचायत विनायकपुर से जैन बाई कोला, ग्राम पंचायत डोगरगांव से चन्द्रिका कांगे और ग्राम पंचायत डुमरकोटसे दीपा गंगवंशी सरपंच पद के लिए निर्वाचित हुई है। विजयी सरपंचों को 22 फरवरी को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया।

# फल व सब्जियों के पोषक तत्वों की प्रतियोगिता में जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाईज हायर सेकेंड्री स्कूल में स्वस्थ खाद्य पदार्थ के अंतर्गत फल एवं सब्जी बनाकर उनके बारे में बताने की शो एंड टेल प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बच्चों ने अत्यधिक उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न फलों एवं सब्जियों में गाजर, खीरा, फूल गोभी, सेब, आम, ब्रोकोली, कोकोनट, नाशपाती, अनानास, नींबू, पपीता, स्ट्रॉबेरी, अंगूर को दिखाकर उनके आकृति एवं आकार के साथ-साथ उनके फायदे तथा उनको खाने से हमारे शरीर में कौन से पोषक तत्व मिलते है उनके बारे में बताया। विद्यालय के छात्र सौरव पाणिग्रही, बेटसी परीछा, तेजेश सिंह अत्री, वेनिया साहू, खुशिका सिन्हा, गौरव गंगा सागर, मिताली सिन्हा, जयश सेन, बुशरा फातिमा, चिनमय पटेल, द्रुविका यादव, अभय सरवा के द्वारा फलों एवं सब्जियों का हमारे खानपान एवं हमारे स्वस्थ्य और हमारे दैनिक जीवन में उनके फायदे के बारे बहुत अच्छे तरीके से बताया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिया जाएगा।

प्रतियोगिता में हेल्दी जीवन के लिए फल एवं सब्जी के महत्व एवं स्वस्थ्य जागरूकता से प्रेरित कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक वर्षा रमानी, एस मर्सी, शबाना परवीन, मेघा सेवा, अपूर्वा ठाकुर, शांतिलीना नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। निर्णायक के रूप में पवित्र बराई, रूबी खान उपस्थित रहें।

# भैरमगढ़ ब्लॉक के 89 मतदान केंद्रों में आज डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिले में अंतिम चरण का मतदान 23 फरवरी को जनपद पंचायत भैरमगढ़ में होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़ पीआर साहू ने बताया की जनपद पंचायत भैरमगढ़ के 60 ग्राम पंचायतों के लिए 89 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। विकासखण्ड के 175 वार्डों में पंच का तथा 48 ग्राम पंचायतों में सरपंच का निर्वाचन होगा। इसके अतिरिक्त 15 जनपद क्षेत्रों एवं 03 जिला पंचायत क्षेत्र में मतदान होगा। विकास खण्ड में कुल 24823 महिला एवं 22549 पुरुष तथा 1 अन्य इस प्रकार कुल-47373 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। अनुविभागीय दण्डाधिकारी विकास सर्वे के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी सूर्यकांत घरत तथा जनपद सीईओ पीआर साहू द्वारा सुचारू रूप से मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्था कराया गया।



### दलों को सामग्री का वितरण

मतदान दलों द्वारा सामग्री मिलान पूर्ण करने पर प्रातः 10 बजे कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कलेक्टर द्वारा मतदान दलों को स्वतंत्र निष्पक्ष तथा निर्भीक होकर मतदान की प्रकिया सावधानी के साथ पूर्ण करने की समझाइस देते हुए कुशलतापूर्वक कार्य संपादन के लिए शुभकामनाएं दी गई। शेष मतदान दलों को भी मतदान सामग्री वितरण किया जा चुका है।

# युवा शक्ति ने किया निर्वाचित सरपंच और पंचों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपत्तरी पंचायत के ग्राम आमागढ़ में युवाओं के द्वारा जोशीले अंदाज में नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। सा-साम्मनित कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम कि छाया चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया।



कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित सरपंच शिवलाल ध्रुव ने कहा मैं हर असंभव कार्य को संभव करने का पूरा प्रयास करुंगा, सब युवा एक साथ मिलकर ग्राम पंचायत के सभी ग्राम का विकास करेंगे।। सरपंच पद ग्रहण करते ही विकास कि ओर आगे बढ़ेंगे। युवा शक्ति ग्राम संगठन के संरक्षक बिरेंद्र टांडिया ने कहा कि सभी को एक होकर ग्राम का विकास करना है इसलिए सभी युवा शक्ति ग्राम संगठन के युवाओं को योगदान दे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के नव निर्वाचित वार्ड पंच शिवचरण निषाद, प्रभुराम दर्रों, जैनी बाई नरेटी, देवकी आंचला, डोमेश्वरी नाग, ग्राम गायता बिसम राम राना, बारसा देव, बिरेंद्र टांडिया, मंशा राम निषाद, मनीष नरेटी, अमित मेरिया, प्रितम मांझी, शिवलाल निषाद, दिनेश मेरिया, हंषराज उईके, संजय नरेटी, पंकज उईके, रत्तेलाल जैन, झुना निषाद, देवकी बाई नरेंटी, प्रिति लता साहु सहित अधिक संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# धुर नक्सल क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ा

जनपद पटनम के केरपे, सेंडरा, बड़ेकाकलेर और एड़ापल्ली में निर्भीक होकर लोगों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के अनेक संवेदनशील नक्सल प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले चुनाव की तुलना में इस बार अधिक मतदान हुआ है। अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा कैम्प के खुलने से नक्सली आतंक और खौफ कम हुआ है। यही कारण है कि लोगों ने इस बार निर्भीक होकर मतदान किया है। हालांकि इस बार नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का फरमान जारी नहीं किया है। लेकिन पूर्व चुनाव में ऊंगली में स्याही दिखाई पड़ने पर ऊंगली काटने और कड़ी सजा देने की चेतावनी नक्सली देते रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इस बार संवेदनशील क्षेत्र में सरपंच और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने तेलंगाना और आंध्रप्रदेश चले गए लोगों से वोट डालने आने की गुहार लगाई थी। सीमावर्ती प्रांत के क्षेत्र में रह रहे लोगों ने बड़ी संख्या में आकर मतदान किया। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ा है। बताया गया कि केरपे में 41 प्रतिशत मतदान हुआ जहां पिछली बार 28 प्रतिशत हुआ था। वहीं सेंडरा में 33 प्रतिशत हुआ जबकि पिछले बार 21 प्रतिशत था। बड़ेकाकलेर में 42 प्रतिशत हुआ जो पिछले बार 28 था। वहीं एड़ापल्ली में 13 प्रतिशत हुआ जहां पिछले चुनाव में 12 प्रतिशत हुआ था। ये 4 इलाके नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र हैं, जहां दिनदहाड़े बड़ी घटनाओं को नक्सली अंजाम देते थे।



# मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में बनेगा विमान स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




लोक निर्माण विभाग मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट परिसर में शीघ्र ही विमानों के लिए एप्रन पाथ वे, सड़क सहित अन्य निर्माण करेगा। एयरपोर्ट परिसर में दो विमान हैदराबाद एवं दिल्ली आना-जाना करते हैं, जिसमें से लगभग 150 से अधिक यात्री रहते हैं। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट एप्रन, फ्लाइट लाइन या रैंप एयरपोर्ट का वह क्षेत्र है, जहां विमान पार्क किए जाते हैं, सामान उतारे या लोड किए जाते हैं, ईंधन भरे जाते हैं, रख-रखाव किया जाता है। वाहनों पर प्रकाश व्यवस्था, यह आमतौर पर रनवे या टैक्सीवे की तुलना में उपयोगकर्ता के लिए अधिक सुलभ होता है। हालांकि, एप्रन आम जनता के लिए आम तौर पर खुला नहीं होता है और पहुंच प्राप्त करने के लिए परमिट की आवश्यकता हो सकती है। विमान पार्किंग के लिए एप्रन के निर्दिष्ट क्षेत्रों को विमान स्टैंड कहा जाता है।

### तैयारी की जा रही

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता आरके बतरा ने बताया कि इसका निर्माण कार्य मार्च में शुरू किया जाएगा, इसकी तैयारी की जा रही है।

# दो सरपंच निर्विरोध जीते, प्रमाण पत्रों को बांटा गया

**दुर्गुकोंदल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल के तहत विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र 22 फरवरी को वितरण किया गया। रिटर्निंग अधिकारी केतन भोयर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनपद सदस्य 11 सरपंच 44 एवं वार्ड पंच 570 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सारणीकरण के पश्चात निर्वाचित प्रतिनिधियों का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विकासखंड दुर्गुकोदल के अंतर्गत 42 ग्राम पंचायत में चुनाव हुआ। वही 02 ग्राम पंचायत में वार्ड पंच सहित निर्विरोधित चुने गए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण मतदान संपन्न होने के निर्वाचित प्रमाण पत्र वित्तरण किए गया।



डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

अंचल का सबसे बड़ा मेला, बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

# देवी-देवताओं की पूजा से सरोना मेले का शुभारंभ, समापन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांकेर जिले के ग्राम सरोना में आयोजित होने वाला तीन दिवसीय मेला का शुभारंभ देवी देवताओं की पूजा अर्चना के उपरांत शुभारंभ हुआ। क्षेत्र का यह सबसे बड़ा मेला होने के कारण लोगों में उत्साह देखने को मिला।

ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी, निवर्तमान सरपंच सूरज कोराम, सुरेश साहू,संदीप वट्टी, ओम वट्टी ने मेला में पहुँचे देवी देवताओं का स्वागत किया। यह मेला आसपास के गांवों के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें ग्रामीण अपने देवी-देवताओं को लेकर विशेष उत्साह के साथ पहुंचते हैं। सरोना मेला क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला माना जाता है, जो न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करता है। इस मेले में उपस्थित ग्रामीणों की मान्यता है कि बारा पाली के देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए पुजारी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। मेले के दौरान ग्राम की देवी शीतला माता के सामने देवी-देवताओं की पूजा की जाती है, जिसके बाद आंगा जात्रा का आयोजन किया जाता है। यह जात्रा नगर में भ्रमण कराते हुए ग्रामीणों के बीच धार्मिक उल्लास फैलाती है। मेले के समापन के बाद देवी-देवताओं को उनके गांवों में वापस लौटाया जाता है, जिससे उनकी आस्था और परंपरा का सम्मान होता है। इस अवसर पर गांव के प्रमुख रामदयाल वटटी, ग्राम पटेल मोहन नेताम, अनिल गजपाल, यशवंत सुरोजिया, सूरज कोराम, सेवा वट्टी सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport